हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 16 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलाद-उन-नबी के अवसर पर देश के नागरिकों, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को बधाई दी है। पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन को मिलाद-उन-नबी के रूप में मनाया जाता है।श्रीमती मुर्मु ने लोगों से इस अवसर पर पवित्र धर्मग्रंथ कुरान शरीफ की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करने की अपील की है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिलाद-उन-नबी की बधाई देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में, आशा व्यक्त की कि सद्भाव और एकजुटता हमेशा बनी रहेगी और चारों ओर खुशी और समृद्धि होगी।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल 17 सितंबर को भिवानी के लोहारू विधानसभा क्षेत्र में रैली करेंगे। इस हलके से बी जे पी प्रत्याशी जे पी दलाल चुनाव मैदान में हैं। वहीं 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोनीपत में रैली करेंगे।उधर इंडियन नेंशनल लोक दल 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल की जयंती पर रैली करेगा । चुनावी माहौल के चलते रैली में बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और पंजाब के पूर्व उप मुख्यमन्त्री सुखबीर बादल शिरकत करेंगे।

****

भारतीय जनता पार्टी के नेता राजीव जैन ने विधानसभा चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने पार्टी द्वारा टिकट न दिए जाने से नाराज़ होकर आज़ाद उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया था।राजीव जैन ने उनसे मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह से मुलाकात के बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर यह निर्णय लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कविता जैन और बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी मौजूद रहे।

****

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने आज और कल भिवानी जिला के तोशाम क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बी.जे.पी प्रत्याशी श्रुति चौधरी के लिए लोगों से समर्थन मांगा ।इस दौरान दोनों नेताओं ने गांव कैरू में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बी जे पी सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में प्रदेश से खर्ची पर्ची जैसी बुराई को मिटा दिया है। आज योग्य युवाओं को रोजगार प्राप्त हो रहा है। पत्रकारों से बातचीत मे केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस की आलोचना की । उन्होंने दावा किया कि तोशाम से श्रुति चौधरी रिकार्ड मतों से विजयी होगी। भारतीय जनता पार्टी में अंतर विरोध की बात को खारिज करते हुए कहा कि सभी लोग एक साथ हैं। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान उन्हें लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल इस्माईलाबाद में पिहोवा विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी जय भगवान शर्मा के कार्यालय का उद्घाटन किया । इस अवसर पर उन्होंने जनता से बी जे पी प्रत्याशी जय भगवान शर्मा को जिताने की अपील की। उन्होंने लोगों को अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई ।

****

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जे जे पी-ए एस पी गठबंधन ने सबसे ज्यादा युवा उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। अजय चौटाला ने कल नरवाना में जेजेपी-एएसपी प्रत्याशी संतोष दनौदा, टोहाना में उम्मीदवार हवा सिंह खोबड़ा और कलायत में प्रत्याशी प्रीतम मेहरा कोलेखां के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ करने के मौके पर अपने प्रत्याशियों के लिए लोगों से समर्थन मांगा।डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी और एएसपी गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने जनता से वोट की अपील करते हुए कहा कि सभी जननायक चौधरी देवीलाल और कांशीराम के सपने साकार करने के लिए जेजेपी-एएसपी गठबंधन का साथ दें।

****

कालका विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा के लिए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कल रायपुररानी खंड के गांव टाबर में प्रचार किया। टाबर में जनसभा के दौरान गांव के कांग्रेस, इंडियन नैशनल लोक दल व जननायक जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए । राज्यसभा सांसद कार्तिकेय व पंचकूला जिले के बी जे पी के प्रधान दीपक शर्मा ने सभी को पार्टी का पटका पहना कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी को पार्टी में पूरा सम्मान दिया जाएगा।

****

स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से शुरू होगा और 2 अक्तूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता" रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़िया घरों, अभयारण्यों और सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामुहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई गतिविधियां आयोजित की जायेंगी, जिनमें आम लोगों को शामिल किया जाएगा।सम्पूर्ण समाज की भागीदारी के दृष्टिकोण से इस वर्ष इस अभियान को तीन प्रमुख बिन्दुओं पर केन्द्रित रखा गया है। इनमें स्वच्छता लक्ष्य इकाईयों के लिए श्रमदान गतिविधियां, स्वच्छता में जनभागीदारी और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर शामिल हैं।

****